NP – 061

I Semester B.Sc. Examination, March/ April 2023
(NEP) (2021 – 22 and Onwards) (F + R)
HINDI LANGUAGE
Katha, Alekhan Aur Sankshepan

St Claret College LIBRARY Bangalore-560013

Time : 2½ Hours Max. Marks : 60

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द** या **वाक्य** में लिखिए । **(10×1=10)**

1) साधू की मोहरे किसने चुरा ली ?
2) श्रीमती जी ने छोटा जादूगर को कितने रुपये दिए ?
3) पहलगाँव की यात्रा कहाँ गये बिना पूर्ण नहीं होती ?
4) झांकी किसके मन्दिर में बनी थी ?
5) लेखक पहनने के कपड़े कहाँ दबाकर सो गये ?
6) स्कूल के नाम पर दो करोड़ की जायदाद कौन लिखकर चला गया ?
7) लक्ष्मी पढ़-लिख कर क्या बन गयी ?
8) सीताराम जी किस अपराध में गिरफ्तार हो गये ?
9) पहले दर्जे में यात्रा ना करके लेखक ने कितने रुपये बचाये ?
10) 'पुनर्जन्म' कहानी के लेखक कौन है ?

II. किन्हीं **दो** की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **(2×7=14)**

1) ''आज हम इन्हें चार-चार रुपये देंगे, तो कल ये लोगों से पाँच-पाँच रुपये माँगेंगे । जो जायज है, वह देना चाहिए ।''
2) ''देखिए चप्पलें एक जगह नहीं उतारना चाहिए । एक चप्पल यहाँ उतारिए तो दूसरी दस फीट दूर ।''
3) ''सुनेगा या नहीं, यह तो वही जानें । परन्तु मैं तुम्हें आशीर्वाद देता हूँ कि भगवान तुम्हें सन्तान दें । ''

III. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए : (1×16=16)

1) ''छोटा जादूगर बाल्य जीवन की एक ऐसी कहानी है, जिसमें आर्थिक विपन्नता से ग्रसित एक बालक के चरित्र को आदर्शात्मक रूप से उभाए गया है ।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

2) 'गौरी' कहानी की कथावस्तु लिखते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : (1×5=5)

1) द्वारकानाथ

2) जयदेव

3) मंजव्वा ।

V. किन्हीं **दो** का उत्तर लिखिए : (2×4=8)

1) आलेखन का अर्थ बताते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए ।

2) टिप्पण की परिभाषा बताते हुए उसके प्रकारों का उल्लेख कीजिए ।

3) अपने क्षेत्र में आयोजित रक्तदान शिबिर पर एक प्रतिवेदन/रिपोर्ट तैयार कीजिए ।

VI. उचित शीर्षक देते हुए **एक तिहाई** शब्दों में संक्षेपण कीजिए : (1×7=7)

पर्यावरण संरक्षण का अर्थ है, हमारे आसपास के वातावरण को संरक्षित करना । पर्यावरण मानव जाति के लिए एक उपहार है । जिसको सुरक्षित करना हमारा कर्तव्य है । लेकिन आज के समय में स्वार्थी मनुष्य अपने हित के लिए पर्यावरण का अहित कर रहा है । जो वाकई बेहद घातक सिद्ध हो सकता है । पर्यावरण का मानव जीवन से सीधा सम्बन्ध है । इसलिए यदि पर्यावरण को हानि पहुँचेगी तो मानव जीवन भी कलुषित हो जायेगा । यही कारण है कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण के लिए सार्थक कदम उठाये जाने की माँग बढ़ती जा रही है । पर्यावरण को सुरक्षित रखना किसी व्यक्ति का कर्तव्य नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति का दायित्व है । अत: हमें सरकार के साथ मिलकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए और उसे प्रदूषण मुक्त करने के लिए एक साथ जागरुक होना होगा ।